कक्षा आठवीं हिंदी प्रश्न-पत्र के संभावित प्रश्न |

कक्षा: आठवीं हिंदी प्रश्न कोष, प्रथम इकाई परीक्षा 2017-2018|

पाठ 1. वरदान

प्रश्न 1. 1अंक वाले प्रश्न |

क). 'वरदान' कविता के कवि का नाम बताएँ| ख) वरदान कविता के कवि की विश्वपरसिद्ध रचना कौन सी है ?
ग) वरदान कविता के कवि क्या वरदान चाहते है | घ) कवि किस पर शंकित नहीं होना चाहते |
ङ) संसार से कवि को क्या मिलता है ? च) कवि किसका भार स्वयं ढोना चाहता है |
छ) कवि किसको स्वयं पार करना चाहता है ?

प्रश्न 2. 2 अंकों वाले प्रश्न |

क). 'वरदान' कविता में कवि ने क्या सन्देश दिया है ? ख) भार हलका नकरने से कवि का क्या तात्पर्य है ?
ग) 'दीनता स्वीकार न करने' के पीछे कवि का क्या भाव है ?

प्रश्न 3. 3 अंकों वाले प्रश्न |

क). वरदान कविता के द्वारा कवि पाठकों को क्या संदेश देना चाहते है |
ख) निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट करें |

किंतु दुख भरी रातों में
'जब सारी दुनिया मेरा उपहास करेगी '
तब मैं शंकित न होऊँ-
यही वरदान चाहता हूँ |

पाठ2.दो कलाकार

प्रश्न 1. 1अंक वाले प्रश्न |

क). चित्रा के बनाए उसचित्र के शीर्षक का नाम बताए जिसने उसे शोहरत दिलवाई ?
ख) अरुणा ने चित्रा के चित्र के बारे में क्या कहा था ? ग) चौरासी लाख योनियों का क्या तात्पर्य है ?
घ) चित्रा और अरुणा कितने सालों से साथ रह रहे थे ? ङ) चित्रा ने अरुणा को किसकी चिट्ठी आने की बात कही थी?
च) अरुणा ने जिन बच्चों को पाला था वे वास्तव में कौन थे ? छ) चित्रा किस कार्यक्रम के उदघटना के लिए दिल्ली आई थी ?

प्रश्न 2. 2 अंकों वाले प्रश्न |

क). चित्रा के पास सामर्थ्य था और साधन भी इस कथन का आशय स्पष्ट करें | ख) अरुणा ने चित्रा को उलाहना देते हुए क्या कहा था ?
ग) चित्रा एक सच्ची समाज सेविका थी | कैसे? घ) चित्राको गुरूजी से मिलकर आने में देर क्यों लगी ?
ङ) चित्रा और अरुणा की मित्रता से कॉलेज कीअन्य लडकियाँ इर्ष्या क्यों करती थी ?

प्रश्न 3. 3 अंकों वाले प्रश्न |

क). अरुणा के मन में दूसरों के प्रति करुणा और सहानुभूति का भाव भरा था | 'दो कलाकार' पाठ के आधार पर बताएँ |
ख) 'बाढ़' और'भिखारिन की मृत्यु' ने चित्रा और अरुणा को अलग - अलग विधि से प्रेरित किया | बताएँ कैसे /
ग) आप किसके चरित्र को अपना आदर्श मानेंगे चित्रा के या अरुणा के | और क्यों?

पाठ3.प्रकृति का सान्निध्य

प्रश्न 1. 1अंक वाले प्रश्न |

क). मनुष्य कैसा प्राणी है ? ख) हम प्रकृति से क्यों बिछुड़ गए है ?
ग) लेखक अपने को किसका निवासी मानते है ? घ) बादल हमें क्या सिख देते है ?
ङ) 'प्रकृतिका सान्निध्य'पाठ में हिमालय के मनुष्यों और जानवरों की क्या विशेषता बताई गई है ?
च) लेखक ने किन लोगों को सयाना कहा है?

प्रश्न 2. 2 अंकों वाले प्रश्न |

क) 'प्रकृति का सान्निध्य' पाठ में क्या संदेश दिया गया है?

ख) शहरी लोगो के प्रकृति प्रेम के बारे में लेखक ने क्या व्यंग्य किया है?

प्रश्न 3. 3 अंकों वाले प्रश्न |

क) लेखक काका कालेलकर ने लोगों के बारे में व अपने बारे में क्या कहा है ?

ख) 'आदमियत' और ' आत्मीयता' शब्द की व्याख्या लेखक ने कैसे की है ?

ग) 'प्रकृति का सान्निध्य' पाठ में जानवरों के मन में हम मनुष्यों के प्रति क्या भाव व्यक्त हुए है | इसकाक्या कारण है ?

<u>पाठ4.गान युद्ध</u>

प्रश्न 1. 1अंक वाले प्रश्न |

क). कितने घंटों के लगातार संग्राम के बाद प्रकाश ने अंधकार पर विजय प्राप्त की ?

ख) साधुओं की मंडली किस कारण संसार का परित्याग कर चुके थे ?

ग) अकबर कौन थे ?

घ) अज्ञानता को किसके सामान माना गया है ?

ङ) तानसेन ने साधुओं से किस विद्या के बारे में प्रश्न किया ?

च) श्न्क्रान्द के शिष्य का क्या नाम था ?

छ) तानसेन और बैजूबावरा बावरा ने किस बडी यंत्र को बजाया था ?

प्रश्न 2. 2 अंकों वाले प्रश्न |

क). बैजू बावरा के गान-विद्या की क्या विशेषता थी ? ख) तानसेन के आँखों के सामने मृत्यु क्यों नाचने लगी थी ?

ग) बैजू बावरा ने तानसेन को क्यों क्षमा कर दिया था ?

प्रश्न 3. 3 अंकों वाले प्रश्न |

क). शंकरानन्द ने बैजूबावरा को कौन सा अस्त्र दिया था ? उन्होंने उसकी धार कैसे कुंद कर दी थी ?

ख) 'गान युद्ध' पाठ से हमें क्या संदेश मिलता है ?

<u>पाठ5.वन उजड़ने न दो</u>

प्रश्न 1. 1अंक वाले प्रश्न |

क). धरती के लिए वन को क्या माना गया है ? ख) वनों का बादलों से क्या संबंध है ?

ग) वेश बदलती ऋतुओं का अर्थ है ? घ) कविता में किस बात पर बल दिया गया है ?

ङ) प्रकृति का संतुलन क्यों बिगड़ रहा है ? च) 'वन उजड़ने न दो' कविता के कवि का नाम लिखें |

प्रश्न 2. 2 अंकों वाले प्रश्न |

क). वन के उजड़ने का क्या परिणाम होगा ? ख) वन जल संकट से हमें कैसे बचाते है ?

ग) प्रकृति के कौन-कौन से तत्व हमारे लिए समर्पित है ?

प्रश्न 3. 3 अंकों वाले प्रश्न |

क). वनों से हमें क्या-क्या लाभ है ?

ख) प्रकृति के संतुलन बिगड़ने पर हमें किन मुश्किलात का सामना करना पड़ सकता है ?

ग) निम्नलिखित पंक्तियों की व्याख्या करें-

वन कटे तो प्रदूषण बढ़ेगा यहाँ,
घोर सुखा पलेगा तो फसलें कहाँ?
जिंदगी मौत से भिन्न होगी नहीं,
रोग का नाम रखते थकेगा जहाँ |

वृक्ष तो जिंदगी का नया नाम है,
प्राण के संग रख लो, बिछुड़ने न दो |

व्याकरण

क). निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें |

चित्त, अवश, अनिष्ट, प्रतीक, आवेश, शोहरत, निर्जीव, सुदीर्घ, हैवानियत, सयाने, स्वजन –द्रोह, निश्चल,संग्राम, प्रतिकार, मनुजता, क्षुब्ध, निशाँ, रम्य, मरुस्थल,

ख) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें –

प्रार्थना, संकट, कोयल, मोर,

ग) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद करें –

संतोष, दर्शन, संकट, प्रतारणा, युद्ध, श

घ) संज्ञा किसे कहते है ? उसके कितने भेद होते है ? लिखें |

ङ) भाववाचक संज्ञा किसे कहते है ?

च) भाववाचक संज्ञा का निर्माण किसकी सहायता से किया जाता है ?

छ) वर्ण क्या है ? उसके प्रकार बताएँ |

ज) सभी स्वरवर्ण लिखें ?

झ) किसी भी वाक्य के कितने भाग होते है ? भागों के नाम बताएँ |

ञ) सर्वनाम किसे कहते है?

त) रवि स्वयं ही खाना पकाता है ?

थ) विशेषण के भेदों के नाम लिखें ?

द) विशेषण किसे कहते है ?

ध) पच्चीस आदमी कुछ तौल रहे थे | विशेषण पहचान कर लिखे ?

न) मोहन मेहनती बालक है ? संज्ञा और विशेषण पहचाने |

प) क्रिया विशेषण के भेदों के नाम लिखें |

फ) ‘कार’ प्रत्यय और प्र, बे उपसर्ग से दो-दो शब्द बनाएँ |

ब) समास किसे कहते है ?

भ) रात-दिन, में निहित समास का नाम लिखें तथा समास का नाम लिखे |

म) समास में पूर्व पद और उत्तर पद क्या होता है ?

अ) अविकारी शब्द क्या होते है ? उसके भेदों प्रकार बताएँ |

आ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखें |

जल वाष्प संघनित रूप, जिसका कोई वर्ण न हो, अपनों से किया जाने वाला द्रोह, प्रकृति का आवरण, जो सहा न जा सकें |

इ) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ में अंतर बताएँ |

संघर्ष-युद्ध, राजा-सम्राट,|

ई) निम्नलिखित विराम चिह्न के नाम बताएँ |

!, “ ”, |, ॰ , ^

उ) संज्ञा से विशेषण बनाइए |

दुख, घृणा,

ऊ) अनुस्वार औरअनुनासिक शब्दों के दो-दो उदाहरण लिखें |

अपठित गद्यांश

१. साहित्य का आधार जीवन है | इसी नींव पर साहित्य की दीवार खड़ी होती है, उसकी अटरियाँ, मीनार और गुंबद बनते है, लेकिन बुनियाद मिट्टी के नीचे दबी पड़ी है | उसे देखने का भी जी नहीं चाहेगा | जीवन परमात्मा की सृष्टि है, इसलिए अनंत है, अबोध्य है, अगम्य है | साहित्य मनुष्य की सृष्टि है, इसलिए सुबोध है और मर्यादाओं से परिचित है | जीवन परमात्म को अपने कामों का जवाबदेह है या नहीं, हमें मालूम नहीं लेकिन साहित्य तो मनुष्य के सामने जवाबदेह है | इसके लिए कानून है, जिनसे वह इधर-उधर नहीं हो सकता | जीवन का उद्देश्य ही आनंद है | मनुष्य जीवन-पर्यंत आनंद की ही खोज में लगा रहता है |किसी को वह रत्न द्रव्य में मिलता है, किसी को भरे-पूरे परिवार में, किसी को लंबे-चौड़े भवन में, किसी को ऐश्वर्य में | लेकिन साहित्य का आनंद इस आनंद से ऊँचा है, इससे पवित्र है, इसका आधार सुंदर और सत्य में मिलता है | उसी आनंद को दर्शाना, वही आनंद उत्पन्न करना साहित्य का उद्देश्य है | ऐश्वर्य या भोग के आनंद में ग्लानि छिपी होती है | उससे अरुचि भी हो सकती है, पश्चात्ताप भी हो सकता है, पर सुंदर से जो आनंद प्राप्त होता है, वह अखंड है, अमर है |

क). मनुष्य जीवन की खोज में क्यों लगा रहता है ?
ख) जीवन परमात्मा की सृष्टि किस तरह है ?
ग) मनुष्य में ग्लानि कब पैदा होती है ?
घ) साहित्य मनुष्य के सामने जवाबदेह है | कैसे ?
ङ) साहित्य की दीवार किस नींव पर खड़ी होती है ?

2. सामाजिक समानता का अभिप्राय है कि सामाजिक क्षेत्र में जाति, धर्म, व्यवसाय, रंग आदि के आधार पर किसी प्रकार का भेद-भाव न किया जाए | सब को समान समझा जाए और सबको समान सुविधाएँ दी जाएँ | हमारे देश में सामाजिक समानता का अभाव है | जाति प्रथा के कारण करोड़ों व्यक्ति समाज में अछूत के रूप में रहते हैं| उन्हें समाज से बहिष्कृत समझा जाता है और उन्हें सामाजिक अधिकारों से वंचित कर दिया गया है | हमारे समाज में लड़कियों के साथ भी भेद-भाव बरता जाता है | माता-पिता भी उन्हें वे सुविधाएँ नहीं देते जो वे अपने लड़कों को देते है | इस प्रकार की असमानता से बहुत-सी लड़कियों का शारीरिक और मानसिक विकास सुचारू रूप से नहीं हो पता | इससे समाज की उन्नति में बाधा पड़ती है | इस प्रकार की असमानता का दूर होना आवश्यक है | नागरिक समता का अर्थ है कि राज्य में नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हों | कानून और न्यायलयों में गरीब-अमीर और ऊँच-नीच का कोई भेद न किया जाए | दंड से कोई अपराधी बच न सके | उसी प्रकार राज्य के प्रत्येक नागरिक को राज्य कार्य में समान रूप से भाग लेने का, मत देने का, सरकारी नौकरी प्राप्त करने का तथा राज्य के ऊँचे से ऊँचे पद को अपनी योग्यता के बल पर प्राप्त करने का अधिकार राजनीतिक समानता का द्योतक है |

क). सामाजिक समानता से क्या अभिप्राय है ?
ख) हमारे देश में सामाजिक असमानता किस रूप में है ?
ग) नागरिक समानता से क्या अभिप्राय है ?
घ) लड़कियों का शारीरिक और मानसिक विकास सुचारू रूप से क्यों नहीं हो पाता ?
ङ) राजनीतिक समानता किसे कहते है ?

3. मनुष्य नाशवान प्राणी है | वह जन्म लेने के बाद मरता अवश्य है | अनय लोगों की भाँति महापुरुष भी नाशवान हैं | वे भी समय आने पर अपना शरीर छोड़ देते हैं, पर वे मर कर भी अमर हो जाते हैं | वे अपने पीछे छोड़े गए कार्य के कारण अनय लोगों द्वारा याद किए जाते हैं | उनके ये कार्य चिर स्थायी होते हैं और समय के साथ-साथ परिणाम और बल में बढ़ते जाते हैं | ऐसे कार्य के पीछे जो उच्च आदर्श होते हैं, वे स्थायी होते हैं और बदलती परिस्थितियों में नए वातावरण के अनुसार अपने को ढाल लेते हैं | संसार ने पिछली पच्चीस शताब्दियों से भी अधिक में जितने भी

महापुरुषों को जन्म दिया है, उनमे गाँधी जी को यदि आज भी नहीं माना जाता तो भी भविष्य में उन्हें सबसे बड़ा माना जाएगा क्योंकि उन्होंने अपने जीवन की गतिविधियों को विभन्न भागों में नहीं बाँटा, बल्कि जीवन धारा को सदा एक और अविभाज्य माना | जिन्हें हम सामाजिक, आर्थिक और नैतिक के नाम से पुकारते हैं वे वास्तव में उसी धारा की उपधाराएँ हैं, उसी भवन के अलग-अलग पहलू हैं | गाँधी जी ने मानव-जीवन के इस नव कथानक की व्याख्या न किसी हृदय को स्पर्श करने वाले वीर काव्य की भाँति की और न ही किसी दार्शनिक महाकाव्य की भाँति ही | उन्होंने मनुष्यों की आत्मा में अपने को निम्नतम रूप में उचित कार्य के प्रति निष्ठा, किसी ध्येय की पूर्ति के लिए सेवा और किसी विचार के प्रति स्वार्पण के बीच सतत चलने वाले संघर्ष के नाटक की भाँति माना है | उन्होंने सदा साध्य को ही महत्त्व नहीं दिया, बल्कि उस साध्य को पूरा करने के लिए अपनाए जाने वाले साधनों का भी ध्यान रखा | साध्य के साथ-साथ उसकी पूर्ति के लिए अपनाए गए साधन भी उपयुक्त होने चाहिए |

क). सामान्य मनुष्य और महापुरुष में क्या अंतर है ?

ख) महापुरुषों को क्यों याद किया जाता है ?

ग) गाँधी जी ने मानव-जीवन व्याख्या किस प्रकार की थी ?

घ) गाँधी जी को भविष्य में सबसे बड़ा क्यों माना जाएगा ?

ङ) साध्य और साधन के विषय में गाँधी जी के क्या विचार थे ?

अपठित काव्यांश

१. वीरों की माता हूँ वीरों की बहना,
पत्नी उस वीर की शस्त्र जिसका गहना |
वीरों की माता के
रूप में जब आती,
गा-गाकर प्यार भरी
लोरियाँ सुनाती |
करती बलिदान पूत केसरिया पहना,
वीरों की माता हूँ वीरों की बहाना |
दौज का टिका
और राखी के धागे,
भगिनी का प्यार
लिए, वीर बढ़े आगे |

क). शस्त्र किसका गहना होता है ?

ख) धरती किसकी माता होती है ?

ग) प्यार-भरी लोरियाँ कौन सुनती हैं ?

घ) 'दौज का टीका और राखी के _______ |'

ङ) बलिदानी पुत्र का पहनावा कैसा होता है ?

2. चाहता हूँ, देश की धरती,तुझे कुछ और भी दूँ |
माँ, तुम्हारा ऋण बहुत है, मैं अकिंचन,
किन्तु इतना कर रहा फिर भी निवेदन |
थाल में लाऊँ सजाकर भाल जब भी,
कर दया स्वीकार लेना वह समर्पण |
गान अर्पित, प्राण आर्पित,

रक्त का कण-कण समर्पित |
चाहता हूँ, देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ |
कर रहा आराधना मैं आज तेरी,
एक विनती तो करो स्वीकार मेरी |
भाल पर मल दो चरण की धूल थोड़ी
शीश पर आशीष की छाया घनेरी |
स्वप्न अर्पित, प्रश्न अर्पित, आयु का क्षण-क्षण समर्पित |
चाहता हूँ, देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ |
तोड़ता हूँ, मोह का बंधन, क्षमा दो |
गाँव मेरे, द्वार, घर, आँगन क्षमा दो |

क). कविता में कवि ने किसको क्या देने की कामना की है ?

ख) कवि स्वयं को क्या मानता है ?

ग) 'थाल' में कवि क्या सजाना चाहता है और क्यों ?

घ) कवि अपने रक्त के को क्या करना चाहता है ?

ङ) कवि ने मोह का बंधन तोड़ने की बात क्यों की है ?

पाठ 5 वन को न उजड़ने दो

1. एक अंक वाले प्रश्न -

क). वन और बादल में क्या संबंध होता है ?

ख) वन के न होने से फसलों पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?

ग) वर्षा न होने से क्या होगा ?

2. दो अंक वाले प्रश्न -

क). वनों के काटने का क्या दुष्परिणाम होगा ?

ख) जल को जीवन आधार क्यों कहा गया है ?

ग) वृक्षों को धरती का रत्न क्यों कहा जाता है ?

3. तीन अंक वाले प्रश्न-

क) वनों से हमें क्या-क्या प्राप्त होता है ?

ख) वनों का जीवन के लिए क्या महत्त्व है ?

ग) "वृक्ष हैं तो कोयल भी है, मोर भी", इस पंक्ति का आशय स्पष्ट करें |

घ) "वन जहाँ है बादल उधर घिर गए" इस पक्ति का आशय स्पष्ट करें |

ङ) "क्रुद्ध होगी प्रकृति", से कवि का तात्पर्य है ?

4. पाँच अंक वाले प्रश्न -

क) वन जीव-जीवन के लिए आवश्यक है, इस बात को साबित करें |

ख) वनों से हमें क्या-क्या लाभ है ?

6.सुभान खाँ -

1. एक अंक वाले प्रश्न -

क) सुभान खाँ क्या काम करते थे ?

ख) इमाम हुसैन कौन थे ?

ग) मक्का में किसकी दाढ़ी के बाल रखे गए है ?

घ) लेखक की नानी की क्या विशेषता थी ?

ङ) उदाहरण दे कि सुभान खाँ को सभी धर्म वाले सम्मान देते थे ?

2. दो अंक वाले प्रश्न -

क) शहर से वापस आने पर लेखक के व्यवहार में क्या परिवर्तन आ गया था ?

ख) अपने मस्जिद के निर्माण में सुभान खाँ ने क्या योगदान किया ?

ग) सुभान खाँ धार्मिक प्रवृत्ति वाले ईमानदार व्यक्ति थे | पाठ के आधार पर बताएँ |

3.तीन अंक वाले प्रश्न -

क) पाठ में आए धार्मिक एकता के संबंध में कोई तीन उदाहरण दें |

ख) हज यात्रा के बारे में सुभान खाँ ने क्या कहा था ? इससे उनके किस स्वभाव का पता चलता है ?

4. पाँच अंक वाले प्रश्न -

क) सुभान खाँ पाठ के चरित्र 'सुभान खाँ' से हम क्या सीख ले सकते है ?

ख) सुभान खाँ का रेखाचित्र अपने शब्दों में लिखें |

ग) सुभान खाँ पाठ में उल्लेखित किन्हीं पाँच घटनाओं का उल्लेख करें जिससे धार्मिक एकता को बल मिलता है |

7. हिम्मत और ज़िन्दगी -

1. एक अंक वाले प्रश्न-

क) पानी के अमृत वाले तत्व की पहचान कौन कर सकता है ?

ख) सुख प्राप्त करने के लिए किस तरह का मूल्य चुकाना होता है ?

ग) 'समुद्र में डूब जाने का खतरा उन्हीं के लिए है' इस कथन से लेखक का क्या तात्पर्य है |

घ) जीवन में संयम का क्या महत्त्व है ?

ङ) कैसी ज़िन्दगी को बेहतर बताया गया है ?

च) सुख के लिए कौन-सी पूँजी लगानी पढ़ती है ?

2. दो अंक वाले प्रश्न-

क) क्रांतिकारी मनुष्य की क्या विशेषता होती है ?

ख) गोधूलि में किस तरह की आत्माएँ बसती है ?

ग) 'मौक्तिक कोष' से लेखक का क्या आशय है ?

3.तीन अंक वाले प्रश्न-

क) जीवन के अंतिम पड़ाव में कौन सुखी नहीं रहता है ?

ख) साहसी मनुष्य की पहचान क्या होती है ?

ग) 'भोजन का आनंद' कौन ले पता है ? इसके द्वारा लेखक ने क्या कहना चाहा है ?

4.पाँच अंक वाले प्रश्न-

क) 'हिम्मत और ज़िन्दगी' पाठ में निहित संदेशों का उल्लेख करें |

ख) 'जीवन में सफलता पाने का मूल मंत्र क्या है? उदाहरण सहित बताएँ |

8.अपराजिता

1.एक अंक वाले प्रश्न -

क) लखनऊ के युवक के साथ क्या दुर्घटना घटी थी ?

ख) हम अपने दुःख के लिए किसे दोष देते है ?

ग) डॉक्टर चंद्रा कौन है ?

घ) डॉक्टर चंद्रा की सच्ची साथिन कौन थी ?

ङ) मेडिकल में असफल होने वाली चन्द्र के बारे में उनके प्रोफेसर ने क्या कहा ?

2.दो अंकों वाले प्रश्न -
क) डॉ. चंद्रा की माँ कौन थी ? उन्हें कौन-सा विशिष्ट पुरस्कार दिया गया था ?
ख) डॉ. चंद्रा की माँ ने अपनी पुत्री को शिक्षित करने के लिए क्या किया ?
ग) डॉ. चंद्रा की माँ कैसी महिला थी ?
घ) डॉ. चंद्रा को कौन सी बीमारी थी ?
3.तीन अंक वाले प्रश्न-
क) डॉ. चंद्रा और उनकी माँ को संयुक्त रूप से डॉक्टरेट मिलनी चाहिए ऐसा क्यों कहा गया है ?
ख) डॉ. चंद्रा की रुची विज्ञान के आलावा और किन चीजों में थी ?
ग) लखनऊ वाले युवक को डॉ. चंद्रा की जीवनी क्यों पढनी चाहिए ?
घ) लेखिका को डॉ. चंद्रा वीरांगना क्यों लगी थी /
4. पाँच अंक वाले प्रश्न-
क) डॉ. चंद्रा की माताजी सही अर्थों में 'वीर जननी' पुरस्कार की अधिकारी थी ? इसके कारण बताएँ |
ख) डॉ. चंद्रा की तुलना राणा सांगा से क्यों की गई है ?
ग) 'चिकित्सा ने जो खोया विज्ञान ने पाया' इस कथन का क्या आशय है ?
घ) 'ईश्वर सब द्वार एक साथ बंद नहीं करता यदि एक द्वार बंद करता है तो दूसरा द्वार खोल देता है |'इस कथन को डॉ. चंद्रा के संदर्भ में साबित करें |
ङ) अपराजिता पाठ से हमें क्या शिक्षा लेनी चाहिए |
9. बाट की पहचान
1. एक अंक वाले प्रश्न -
क) 'बाट की पहचान' कविता के कवि का नाम बताएँ |
ख) 'बाट की पहचान' कविता में किसे संबोधित किया गया है ?
ग) अपने मन में हमें क्या आने से अपने को रोकना नहीं चाहिए ?
घ) रास्ता कब सरल बनता है ?
ङ) मंजिल की ओर बढ़ते समय हमें क्या नहीं भूलना चाहिए ?
च) कांटे, गह्वर आदि किसके प्रतीक है ?
2. दो अंक वाले प्रश्न -
क) हर सफल राही की सफलता का राज़ क्या है ?
ख) स्वप्न पूरे करने के लिए क्या करना पड़ता है ?
ग) कांटे हमें क्या सिख देते है ?
घ) राह में क्या अनिश्चित है ?
ङ) निशानी मूक होकर भी क्या कहती है ?
3.तीन अंक वाले प्रश्न -
क) चलने से पूर्व बटोही को क्या करना पड़ता है ?
ख) जीवन यात्रा को अनिश्चित क्यों कहा गया है ?
ग) 'रास्ते का काँटा पाँव का दिल चीर देता' इस पंक्ति का आशय स्पष्ट करें |
4. पाँच अंकों वाले प्रश्न -
क) "बाट की पहचान' कविता में कवि ने क्या संदेश दिया है ?
ख) अपने जीवन के लक्ष्य को पाने के लिए हमें किस प्रकार से चेष्टा करनी चाहिए ?
व्याकरण -

काल-

1. काल के कितने भेद होते है उनके नाम लिखें |
2. काल किसे कहते है ? उनके भेद का नाम लिखें |
3. भूतकाल किसे कहते है ?उसके दो उदाहरण लिखें |
4. वर्तमान कल किसे कहते है ?
5. कल पहचान कर उनके भेद बताएँ -

क). राम चला गया | ख) मोहन हँस रहा है | लंकेश ने सीता का हरण किया था |

संज्ञा -

1. संज्ञा किसे कहते है ?
2. संज्ञा के कितने भेद है ?
3. व्यक्ति वाचक संज्ञा किसे कहते है ?
4. व्यक्ति वाचक संज्ञा के दो उदाहरण लिखें |
5. जाति वाचक संज्ञा किसे कहते है ?
6. जातिवाचक संज्ञा के दो उदाहरण लिखें |
7. निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा पहचाने एवं उनके भेदों के नाम लिखें |
   क). रवि अपने मित्रों के साथ दशहरा का मेला देखने आगरा गया है |
   ख)अपने पिता से अलग होने के दुःख को मोहन दृढ़ता से सहा है |

सर्वनाम -

1. सर्वनाम की परिभाषा लिखें ?
2. सर्वनाम के कितने भेद होते है ?
3. सर्वनाम के भेदों के नाम लिखें |
4. निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनामों को पहचाने एवं उनके भेदों के नाम लिखें |
   क). वह हर दिन स्वयं ही बाजार से बच्चों के लिए दूध लाती है |
   ख) मैं सदा तुम्हें उसी ऊँचाईपर देखना चाहता हूँ जहाँ तुम्हारे पिता थे ?
   ग) वहाँ कौन है | घ) वह राम का भाई है | जो दुःख उठाएगा वह कल सुख पाएगा |

विशेषण-

1. विशेषण की परिभाषा बताएँ |
2. विशेषण के भेदों के नाम बताएँ |
3. निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा व विशेषण बताएँ |
   क). सीता ने आज लाल साड़ी पहनी है ? ख)तीन दिनों के वर्षा ने शहर को बेहाल कर दिया है |
   ग) हमारे शहर के सड़क पर चार मीटर तक पानी जमा है |
   घ) निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनें - प्यासा, प्रदुषण, प्रकृति,

संधि -

1. संधि की परिभाषा लिखें |
2. स्वर संधियों के नाम बताएँ |
3. दिनेश शब्द का संधि-विच्छेद करें |
4. निम्न का संधि विच्छेद करें - महेश, पूर्णोद्धार, महौषधि, पित्रादेश, पावक, चयन, सेनाध्यक्ष
5. निम्नलिखित का संधि विच्छेद करें - नदी+ऊर्मी, अनु+इत, गो+ईश, चे+अन, मही+इंद्र

अन्य व्याकरण -

1.निम्न शब्दों के दो भिन्न अर्थ लिखें- पास, मत, मन, वार,

2.निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्याय लिखें -हृदय, बाग़, राही, पर्वत, मोर, कोयल, प्रभु, प्रार्थना, संकट |

3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखें-असम्भव, ज्ञात, मूक, विच्छिन्न, आशीर्वाद, कठोरतम, स्वजन, कृत्रिम, स्वीकार, सौभाग्य |

4. निम्नलिखित प्रत्यय से दो-दो शब्द बनाएँ - पूर्वक, कार, प्रद, ता, ई, ईय, इक, |

5. निम्नलिखित उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाएँ - बे, स, नीर, वि, अ, दुर, |

6. निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग, मूलशब्द और प्रत्यय अलग करें- बेलगाम, निंदनीय, अप्राकृतिक, प्रलोभनकारी

7. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण विच्छेद करें - पर्यावरण, ऋतुएँ, प्रदूषण, शिक्षण, अज्ञानता, विपत्ति, दर्शन, राष्ट्राध्यक्ष |

8. निम्नलिखित वाक्यों से उद्देश्य और विधेय अलग करें |

क). राम और मोहन मेरे भाई है | ख) मेरी पड़ोसी सीता हर दिन भजन गाती है | ग) सुरेश की माँ ने मुझे एक किताब दिया था |

9. सरल वाक्य का एक उदाहरण लिखें |

10. एक संयुक्त वाक्य का उदाहारण लिखें |

पत्र.

1.अपने मित्र के वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आने पर एक बधाई पत्र लिखिए |

2. मित्र को उसके जन्म-दिन पर शुभकामना -पत्र लिखें |